1971 की बाढ़ों के दौरान सुरक्षा कार्यों को कुछ हानि पहुंची थी। बिहार सरकार ने 22.6 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर पांच ठोकरों की मरम्मत और उन्हें मजबूत करने के लिए एक स्कीम हाथ में ली है। उन कार्यों को आगामी बाढ़ों से पहले पूर्ण करने का कार्यक्रम है।

राज्यों में समान सिंचाई सुविधायें

6290. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में खेती योग्य भूमि के केवल 8 प्रतिशतता भाग पर ही सिंचाई होती है ;

(ख) पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु में सिंचित भूमि की प्रतिशतता क्या है ;

(ग) क्या सरकार का विचार सभी राज्यों में समान सिंचाई सुविधायें उपलब्ध कराने का है ; और

(घ) यदि हां, तो प्रस्ताव की रूपरेखा क्या है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) और (ख). मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा, तथा तमिलनाडु में मार्च, 1971 के अन्त तक उत्पन्न सिंचाई शक्यता, इन राज्यों मे फसली क्षेत्र की क्रमश: 8.2, 54.8 और 44.2 प्रतिशत है।

(ग) और (घ). पिछले लगभग 10 वर्षों में उन राज्यों में कई नई बृहद और मध्यम सिंचाई स्कीमें हाथ में ली गई हैं जहां बृहद और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं से सम्भव सिंचाई शक्यता के मुकाबले सिंचाई का विकास धीमा रहा है। इन परियोजनाओं में से कई परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है और यह पांचवी योजना में भी चलता रहेगा। राज्य सरकारों ने कई नई स्कीमें भी प्रस्तावित की हैं या उनके सम्बन्ध में अनुसंधान कार्य कर रही है, जिन पर उनमें से कुछ में निहित अन्तर्राज्यिक पहलुओं के तय हो जाने पर और उनके निर्माण के लिए संसाधनों के उपलब्ध होने पर कार्यान्वयन के लिए विचार किया जायगा।

रतलाम में कताई मिल का खोला जाना

6291. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय** : क्या **विदेश व्यापार** मंत्री रतलाम में सूत मिल के खोले जाने के बारे में 23 जून, 1971 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2891 के उत्तर के सम्बन्ध मे यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार का विचार अपनी नई घोषित औद्योगिक नीति तथा रतलाम जिले को इस बीच पिछड़ा जिला घोषित किये जाने को ध्यान में रखते हुए इस मामले पर पुनर्विचार करने का है ?

विदेश व्यापार मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री ए० सी० जार्ज) : पहले वाले विनिश्चय पर पुन: विचार करने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

राजस्थान में रेलवे अस्पताल

6292. **श्री लालजी भाई** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में कितने रेलवे अस्पताल हैं और जिला स्तर पर कितने रेलवे अस्पताल हैं ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक अस्पताल में औसतन कितने रोगियों का इलाज किया गया ;

(ग) क्या चालू वर्ष के दौरान अस्पतालो के कमरों की संख्या बढ़ाने और औषधियों के भण्डार में वृद्धि करने की कोई योजना है ; और

(घ) यदि हां, तो इस योजना की मुख्य बातें क्या हैं ?

रेल मन्त्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क)

राजस्थान मे रेलवे अस्पताल नीचे लिखे स्थानों पर स्थित है :—

कोटा, अजमेर, जयपुर, आबू रोड, उदयपुर, बांदीकुई, गंगापुर सिटी, जोधपुर और लालगढ (बीकानेर)।

किसी स्थान विशेष पर रेलवे अस्पताल अथवा स्वास्थ्य यूनिट की व्यवस्था करते समय जिन मुख्य बातों पर विचार किया जाता है वे हैं :—उस स्थान पर कर्मचारियों का संकेन्द्रित होना, वह स्थान अन्य स्थानों से कितना अलग अलग है, उस स्थान पर रेलवे, सरकारी/नागरिक चिकित्सा सुविधाओं की अनुपलब्धता तथा वर्तमान केन्द्र तक पहुंचने के लिये गाड़ियों की उपलब्धता आदि।

इस प्रकार रेलवे अस्पताल रेलवे के मंडल/उप मंडल मुख्यालयों में स्थापित किये गये हैं।

रेलवे अस्पतालों की व्यवस्था किसी राज्य मे जिला-वार नही की जाती।

(ख) पिछले तीन वर्षों में इन अस्पतालों में आने वाले रोगियों की औसत दैनिक संख्या नीचे दी गयी है :—

	1968-69	1969-70	1970-71
कोटा	1103.88	1115.37	1065.90
अजमेर	2247.75	2306.28	2331.20
जयपुर	688.08	687.41	625.50
आबू रोड	450.34	565.08	441.00
उदयपुर	526.07	386.67	383.80
बांदीकुई	526.29	472.35	512.50
गगापुर सिटी	812.68	870.60	426.00
जोधपुर	772 08	798.74	638.61
लालगढ़	566.60	596.25	545.32

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Bihar Government Proposal for Railway Links up of Gua with Tatiba Manoharpur with Salai in Bihar

6293. SHRI NAWAL KISHORE SINHA:
SHRI HARI KISHORE SINGH:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government of Bihar have proposed to the Railway Ministry to provide rail links in the iron belt of Bihar from Gua to Tatiba via Baraiburu, Manoharpur to Salai and Jhillingburu, Salai to Tatiba Via Chotanagara, Salai to Gua via Ghatpuriline; and

(b) if so, the steps taken in this regard?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI K. HANUMANTHAIYA): (a) Yes.

(b) A Study Team has been appointed for the development of the ore deposits in the Malangtoli Block. A decision regarding the construction of new lines in this area will be taken after the specific recommendations of the Study Team become known.

Broad Gauge Line Between Amjhore and Banjari in Bihar

6294. SHRI NAWAL KISHORE SINHA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the management of Pyrites, Phosphates and Chemicals Limited, a Government of India undertaking, which operates the pyrite mines at Amjhore in Bihar is pressing the Railway Administration to link Amjhore and Banjari by a Broad gauge line